26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 27 नवम्बर, 2025

अंक- 34 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# बुल्डोजर एक्शन शुरू, एंटी रोमियो स्क्वाड तैयार

## बिहार में 400 माफिया और 1300 क्रिमिनल्स की संपत्ति होगी जब्त

**पटना ( एजेंसी/चिंगारी )।** बिहार में संगठित अपराध के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान शुरू हो गया है। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अगुवाई में अपराध और माफिया नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई का खाका तैयार किया गया है। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि सरकार ने पहले चरण में 400 कुख्यात अपराधियों की संपत्तियां जब्त कर ली थीं। अब दूसरे चरण में 1200 से 1300 और अपराधियों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। सूची में रेत (बालू) माफिया, भूमि माफिया, अवैध शराब कारोबारियों, कॉन्ट्रैक्ट किलर्स, संगठित गिरोहों और आर्थिक अपराध में शामिल अपराधियों के नाम शामिल हैं। गृह मंत्री के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया कि किसी भी बड़े अपराधी की अवैध संपत्ति को राज्य सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके लिए पुलिस और आर्थिक अपराध इकाई (EOU) को संयुक्त रूप से कार्रवाई का आदेश दिया गया है। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के खिलाफ भी मुहिम चला दी गई है।

## दिल्ली-NCR में वायु प्रदूषण को लेकर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

# कहा- अब इसकी लगातार निगरानी की जरूरत

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सुप्रीम कोर्ट ने आज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सख्त तेवर अपनाए। खराब वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर दायर याचिकाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 3 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। साथ ही कहा कि यह मुद्दा लगातार निगरानी की मांग करता है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की इस दलील पर ध्यान दिया कि दिल्ली-एनसीआर में बेहद गंभीर स्थिति बनी हुई है और यह स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात है। सिंह इस मामले में न्यायालय की सहयोगी (एमिकस क्यूरी) के रूप में नियुक्त हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'न्यायपालिका के पास कौन सी जादुई छड़ी है? हमें पता है कि दिल्ली-एनसीआर के लिए यह स्थिति खतरनाक है। समस्या सबको पता है, मुद्दा यह है कि समाधान क्या हैं। हमें इसकी वजहें पहचाननी होंगी और इसका हल तो विशेषज्ञ ही दे सकते हैं। हम आशा करते हैं कि लंबी अवधि तक प्रभावी समाधान खोजे जाएंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें बताइए कि हम क्या निर्देश दे सकते हैं? क्या कोई निर्देश देकर हम तुरंत स्वच्छ हवा मिल सकती है? हर क्षेत्र के हालात अलग हैं। देखते हैं कि सरकार ने समितियों के स्तर पर क्या कदम उठाए हैं।



यह मामला दीपावली के आसपास औपचारिक तौर पर भी सूचीबद्ध होता है, लेकिन इसकी नियमित निगरानी अब जरूरी है।' बता दें कि 19 नवंबर को अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में नवंबर-दिसंबर में खुले मैदान पर होने वाले खेल आयोजनों को सुरक्षित महीनों तक टालने पर विचार किया जाए। इस दौरान वायु की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर पाई गई थी। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने पूरे साल ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू करने के सुझाव को अस्वीकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि यह आपातकालीन ढांचा जरूरत से ज्यादा प्रदूषण होने की स्थिति में कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाता है। अदालत ने इसके बजाय दीर्घकालिक और टिकाऊ समाधानों पर जोर दिया था।

नैन छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



स्वर्गीय श्री श्रीराम
(15 नवम्बर 1946 - 27 नवम्बर 2022)
हमारे पूजनीय पिताजी की
तृतीय पुण्यतिथि
पर हम सभी
श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन
अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

विश्वेन्द्र कोठारी-तनुजा, अमित कोठारी-माया (पुत्र-पुत्रवधु)
सन्दीप कोठारी (पुत्र), डॉ. नवनेश कोठारी-डॉ. प्रिया (पुत्र-पुत्रवधु)
अर्चना-गौरव (पुत्री-दामाद), कनिष्क (पौत्र), अराध्या, भवी (पौत्री)
परी (धेवती) एवं समस्त कोठारी परिवार

श्रीमती कान्ता देवी (पत्नी)
मगन सिंह (भाई)
रतन सिंह कोठारी (भाई)

प्रतिष्ठान :
Kothari's क्लासिकल होम्योपैथी
मल्टी स्पेशलिटी होम्योपैथिक क्लीनिक
निकट एक्सिस बैंक, किरतपुर रोड, बिजनौर
संपर्क : 9639001080, 9690943094

तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

तत्काल आवश्यकता है हॉस्पिटल स्टॉफ की
हॉस्पिटल स्टॉफ, ओ.टी. तकनीशियन
एवं आई.सी.यू. स्टॉफ, एक्स-रे तकनीशियन
नर्सिंग स्टाफ (मेल/फीमेल), मेल स्वीपर

- ओ0टी0 तकनीशियन डिप्लोमा अनिवार्य
- नर्सिंग स्टाफ (B.Sc. नर्सिंग/GNM/ANM अनिवार्य)
- मेल स्वीपर
- अनुभव 1 वर्ष से अधिक
- कृपया रिज्यूम के साथ इंटरव्यू में प्रवेश करे
- वेतन अनुभव व योग्यता अनुसार
- कृपया इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें।

इंटरव्यू का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
Male and Female both can apply

# वन माफियाओं का खुलासा करने से डर रहा वन विभाग

## मुकदमा लिखा दिया पर माफियाओं के नाम नहीं पता

**स्योहारा ( चिंगारी )।** धामपुर रेंज में वन माफिया खुलेआम वनों का सफाया करने में लगे हुए हैं। इसे वन माफियाओं को संरक्षण देना कहें, या डर कि तीन दिन पूर्व रेंज से पेड़ काटने वाले वन माफियाओं के नाम मीडिया से नहीं बताए जा रहे हैं। डिप्टी रेंजर और रेंजर दोनों ही वन माफिया के नाम पूछे जाने पर चुप्पी साध लेते हैं।



चिंगारी आसपास

किसका लिया सहारा, सरकारी पेड़ पर चला दिया आरा!

पेड़ों का हो रहा कटान, सो रहा वन विभाग

ग्राम भगवानपुर रैनी के पास बुड्ढी रामगंगा पर बने पुल के पास तीन पेड़ दो शीशम व एक सीरस के पेड़ काट लिया गया। गांव वालों की शिकायत पर वन विभाग की आंख खुली। विभाग अपने चहेते ठेकेदारों के द्वारा वहां से कटी हुई लकड़ी बरामद कर ले गया। लेकिन घटना का खुलासा नहीं किया गया ।

वन डिप्टी रेंजर विजय भारत से जब जानकारी ली गयी तो उनका कहना है कि कार्यवाही हुई है, लेकिन कुछ बताने का अधिकार उन पर नहीं है। उन्होंने कहा कि रेंजर साहब बताएंगे। वन रेंजर से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा चुकी है। जब मुकदमे में नामजद आरोपी का नाम पूछा तो वन रेंजर ने कहा कि उन्हें नाम नहीं पता है। किसी ठेकेदार के द्वारा पेड़ों को काटा गया है। मैंने डिप्टी रेंजर को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये थे। वही बताएंगे किसके नाम मुकदमा दर्ज हुआ है, लेकिन डिप्टी रेंजर कहते हैं कि उनका अधिकार ही नहीं है। जिससे साफ है कि वन विभाग वन माफियाओं का खुलासा करने से बचता नजर आ रहा है। ऐसे में वन विभाग की संदिग्धता वन विभाग पर कई सवाल खड़े कर रही है। ऐसा तो नहीं वन माफियाओं ने वन विभाग की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया हो और गांव वालों की शिकायत पर मजबूरन कार्यवाही करनी पडी हो। वन विभाग की करतूत से वन में खड़े पेड़ों पर संकट आ सकता है।

## डॉ. मकसूद ने काफिले के साथ महारैली में की शिरकत



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) की संविधान दिवस के अवसर पर मुजफ्फरनगर में आयोजित संवैधानिक अधिकार बचाओ-भाईचारा बनाओ ऐतिहासिक महारैली में नजीबाबाद से पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. मकसूद चौधरी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ वाहनों का काफिला लेकर पहुंचकर शिरकत की। बुधवार को मुजफ्फरनगर के जी.आई.सी मैदान में आयोजित ऐतिहासिक महारैली को सफल बनाने के लिए जलालाबाद के पेट्रोल पम्प से डॉक्टर मकसूद चौधरी ने दिन रात मेहनत करके अपने क्षेत्र से बड़ी संख्या में जुटाए पार्टी कार्यकर्ताओं के वाहनों के साथ रवाना हुये। महारैली में भाग लेने वालों में संस्थापक सदस्य डॉक्टर मकसूद चौधरी, भीमसेन हल्दिया प्रदेश कोर कमेटी सदस्य, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर, रजत कुमार जिलाध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा, वरिष्ठ नेता नीतीश चौधरी, ललित आजाद आदि शामिल रहे।

## सूचना

मेरा पुत्र मुकीम अहमद व पुत्रवधू आसमा मेरे कहने सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने अपने पुत्र व पुत्रवधू से अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं तथा उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं व मेरा परिवार मुकीम अहमद व आसमा के किसी भी प्रकार के कृत्य व लेनदेन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**-अजीम अहमद पुत्र करीमुद्दीन, निवासी मौहल्ला बांसफोड़ान, नजीबाबाद ( जिला बिजनौर )**

## 'हम भविष्य में हमेशा अपने संविधान का सम्मान करेंगे'

### जेपी स्कूल में संविधान दिवस पर हुई विशेष प्रार्थना सभा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर ने संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से हुई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने गर्व के साथ 'हम भारत के लोग इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है' को ज़ोर से और साफ़ दोहराया। इसके बाद विद्यार्थियों को फंडामेंटल राइट्स और फंडामेंटल ड्यूटीज़ के बारे में जानकारी दी गई, जिसे सभी ने मिलकर दोहराया भी। प्रार्थना सभा में डॉ. बी. आर. अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल , पंडित जवाहरलाल नेहरू और अन्य संविधान निर्माताओं की जीवनी को प्रस्तुत किया गया, जिससे बच्चों में राष्ट्रवाद और संविधान के प्रति सम्मान की भावना जाग्रत हो। कार्यक्रम का सबसे रोचक हिस्सा क्विज़ प्रतियोगिता था, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी तीव्र बुद्धि का प्रदर्शन किया। कक्षा वार प्रतियोगिता भी करवाई गईं, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकों ने विद्यार्थियों को अलग-अलग कॉन्स्टिट्यूशनल आर्टिकल्स समझाने का निर्देश दिया। प्रार्थना सभा के मध्य में विद्यार्थियों ने 'प्रॉमिस वॉल' पर अपने वचन लिखकर लगाए। देश और संविधान के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाने की प्रतिज्ञा ली। मंच को तिरंगा थीम से सजाया गया जो देशभक्ति की भावना को और मज़बूत बना रहा था। विद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों ने इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने अपने संदेश में कहा कि, संविधान हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि हमें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है। प्रार्थना सभा के अंत में में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरा परिवार एक ही संदेश के साथ जुड़ा






## CRADLE PUBLIC SCHOOL

Nimbuchaur, Kotdwara-246149 (Garhwal) U.K. Mob: 9411352774, 9917183551

### आवश्यकता है

| दिनाँक | साक्षात्कार | पद |
|---|---|---|
| 08.12.2025 से 20.12.2025 | सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक | प्री प्राइमरी टीचर, विशेष शिक्षक (Special Educator), Counsellor & Wellness Teacher |

| क्र. | पद का नाम | शैक्षणिक अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | प्री प्राइमरी टीचर | न्यूनतम 50% अंको के साथ मान्यता प्राप्त विद्यालय से इंटरमीडिएट एवं NTT उत्तीर्ण होना अनिवार्य है |
| 2. | विशेष शिक्षक (Special Educator) | बी. एड. (Special Education) |
| 3. | Counsellor & Wellness Teacher | Postgraduate degree in Psychology, Child development, |

**MANAGER**


## नोटिस

दिनांक 27/11/2025

**श्री अंकुल कुमार, सहयोगी बी - पैक्स मंडावर, निवासी ग्राम व पोस्ट भनेड़ा, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**


आपको अवगत कराना है कि आपने अपर जिला सहकारी अधिकारी के आरोप पत्र का जवाब नहीं दिया है तथा समिति द्वारा दिनांक 08/08/2025 , दिनांक 20/08/2025 , दिनांक 26/08/2025 तथा दिनांक 20/09/2025 को दिये गये 4 नोटिसों का कोई जवाब भी आज तक नहीं दिया है और न ही समिति में आकर उपस्थित हुए। आप दिनांक 14/07/2025 से आज दिनांक 27/11/2025 तक लगातार अनुपस्थित चल रहे हो। अतः आपको एक सप्ताह का समय दिया जाता है , ताकि आप उपरोक्त नोटिसों का जवाब दे सकें। अन्यथा की दशा में आप के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी। इस कार्यवाही के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**- सचिव**

**बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ( बी - पैक्स ) लि. मंडावर वि. खं. - मौ.पुर देवमल ( बिजनौर )**

## काजी ज़की को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुस्लिम फंड नजीबाबाद के संस्थापक काजी इस्फारूल हक जकी को बीती रात बाद नमाजे ईशा कस्बा जलालाबाद स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक काजी जकी को अंतिम विदाई देने के लिए उनके ज़नाजे में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। काजी जकी काफी अच्छे व नेक इंसान थे। उनकी कमी शहरवासियों को हमेशा खलती रहेगी। उनके इंतकाल पर समाजसेवी काजी आसिफ मुत्तकी, इस्लामी फंड के मैनेजर नफीस खान, डॉ. अब्दुल बारी, डॉ. इबादुर्रहमान, डॉ. सुलेमान, डायरेक्टर डॉ. वसीम बारी, नईम खां, नासिर मरगूब, नईमुल हसन, मौ. सालिम, परवेज अहमद, खुर्शीद अहमद, मौ. युसूफ, मुमताज, इकबाल फारूकी, मंसूब नजमी, महताब नजमी, शादाब जफर, इकबाल हिंदुस्तानी, सपा नेता जमील अंसारी, व्यापारी नेता कपिल सर्राफ, प्रबंधक हर्षित अग्रवाल, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह, सांसद रूचिवीरा, भाजपा नेता राजीव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शोक जताया।



# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## सुआहेड़ी क्षेत्र में सनसनी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम सुआहेड़ी के जंगल में लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिये लोगों की भीड़ लग गई। परिजन युवक की हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।



ग्राम सुआहेड़ी निवासी विपिन कुमार का पुत्र दीक्षित 30 वर्ष बुधवार की शाम से घर से लापता था। परिजनों ने उसे तलाश भी किया था, लेकिन उसका पता नहीं चला था, जिस पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। आज सुबह गांव के जंगल में प्रीतम के खेत में दीक्षित का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारा। परिजनों ने दीक्षित की हत्या की आशंका जाहिर की है। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल पायेगा।

# पिंडदान स्थल पर चल रहा चौकी निर्माण पुलिस ने रुकवाया

**नांगल सोती ( चिंगारी )** ।शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा के कुछ ग्रामीण गांव में डोकला तालाब के किनारे स्थित प्राचीन पिंडदान स्थल पर पिंड लगाने को अर्थी रखने हेतु ईंट- सीमेंट से एक चौकी का निर्माण कराना चाह रहे थे। ग्रामीणों ने उक्त स्थान पर मिट्टी डालकर एकसार करना शुरू किया था तथा ईंटें मंगाकर रख ली थीं। अभिपुरा से सटे ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी के ग्रामीण इंतेखाब ने इसकी शिकायत नांगल पुलिस से कर दी। इंतेखाब उक्त भूमि को अपनी बैनामे की भूमि बता रहा है। जबकि अभिपुरा के ग्रामीणों का कहना है कि यहां गांव आबाद होने के समय से पिंडदान होते चले आ रहे हैं।

सूचना पर थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पिंडदान हेतु बनाई जा रही चौकी का कार्य रुकवा दिया। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। यहां उल्लेखनीय है कि उक्त तालाब का कुछ भू-भाग ग्राम पंचायत रसूलपुर सैद की भूमि में है और शेष तालाब ग्राम पंचायत अभिपुरा की भूमि में है। अभिपुरा के ग्रामीणों का आरोप है कि अभिपुरा तथा सैदपुरी के विजेन्द्र, गुडडू, अरुण , इंतेखाब, अनस तालाब की भूमि और पिंडदान स्थल पर अवैध रूप से कब्जा कर निजी निर्माण करना चाहते हैं। ग्रामीण उक्त पिंडदान स्थल और तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिये कल जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिले थे। इससे पहले वे एसडीएम नजीबाबाद से भी मिले थे।

थाना नांगल में थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। वार्ता में दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि राजस्व विभाग से उक्त भूमि की पैमाइश कराई जायेगी। पैमाइश होने तक वहां यथास्थिति कायम रखी जायेगी। अभिपुरा से ग्राम प्रधान सुशील कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, पंकज कुमार, ब्रजवीर सिंह, छोटे सिंह, संजय सिंह, राजवीर सिंह, राजीव कुमार , सुशील प्रधान, धर्मेन्द्र सिंह, कामेन्द्र सिंह, सोमपाल सिंह आदि तथा सैदपुरी से ग्राम प्रधान सत्यपाल सिंह , शहजाद, इंतेखाब, अकील, भूरा, जुल्फकार, गुडडू, वसी हैदर, हमराज प्रधान आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अनमोल जो मेरे कहने में नहीं है, इसलिये मैं अपने पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-राकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय करन सिंह, निवासी साकेत कालोनी, बिजनौर**

## सूचना

मेरा पासपोर्ट नम्बर रु3804476 है जिसमें मेरा नाम MOHAMMAD IARFAN दर्ज होगया है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHAMAD IRFAN है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMAD IRFAN कर दिया जाए तथा मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाये। **-मौहम्मद इरफ़ान पुत्र गुलाम हुसैन निवासी- ग्राम रोशनपुर जागीर थाना नूरपूर तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)
डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

भली लगे या बुरी...

## नये श्रम क़ानून-1

केन्द्र सरकार ने 29 पुराने श्रम संबंधी कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहितायें लागू करने की अधिघोषणा जारी कर दी है। उधर, विभिन्न विपक्षी दलों और उनसे जुड़ी ट्रेड यूनियनों ने इन नई संहिताओं का लगातार विरोध करते हुए कहा है कि वे श्रमिकों के अधिकार छीन कर मालिकों को अपनी मर्जी से कर्मचारियों को काम पर रखने और निकालने, यानी 'हायर एंड फायर' का अधिकार देती हैं, लेकिन इसके बावजूद केन्द्र तथा विभिन्न राजग शासित सरकार इनको लागू करने पर आमादा हैं। मजदूरी संहिता-2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020, औद्योगिक सुरक्षा संहिता-2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता-2020 संसद द्वारा लगभग पांच साल पहले ही पास करने और राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर के बाद कानून बन गई थीं, पर इनको संभवत: ट्रेड यूनियनों की आपत्तियों व देश में व्यापक विरोध की संभावनाओं को देखते हुए लागू नहीं किया गया था। उद्योग और व्यापार जगत लगातार 'श्रम सुधारों' की मांग करता रहा है, पर किसानों के आंदोलन से नए किसान कानूनों को वापस लेने पर मजबूर हुई सरकार फूंक-फूंक कर कदम रख रही थी। किसान आंदोलन के दौरान भी सरकार के इन श्रमिक-विरोधी कानूनों के खिलाफ आवाजें उठी थीं। अब संभवत: बिहार विधानसभा में असाधारण विजय के बाद केन्द्र सरकार स्वयं को विपक्ष की आपत्तियां खारिज करने की मजबूत स्थिति में पा रही है और उसने इन नई श्रम संहिताओं को लागू करने की अधिघोषणा जारी कर दी है। सरकार का कहना है कि उसने इन नई श्रम संहिताओं के माध्यम से सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम एवं समय पर वेतन, अनिवार्य नियुक्ति पत्र, दूने ओवरटाइम भुगतान तथा विभिन्न राज्यों के बीच अंतर समाप्त करने का प्रयास किया है। इनमें महिला श्रमिकों को उपयुक्त सुरक्षा शर्तों के साथ रात की पाली में काम करने की अनुमति दी गई है। सरकार ने एक वर्ष की सेवा के बाद ग्रेचुअटी का अधिकार भी दिया है जो पहले पांच साल की सेवा अवधि पर मिलता था। इसके साथ ही सभी श्रमिकों को छुट्टियां व स्वास्थ्य रक्षा देने का प्रयास किया गया है। ...जारी

# विरोध एस.आई.आर. का या चुनाव सुधार की कवायद का

**बहरहाल ऐसा प्रतीत होता है, कि एस.आई.आर. का विरोध वही कर रहे हैं, जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के पक्षधर नहीं हैं। यहां यह भी समझना आवश्यक है कि मतदाता सूचियों का परीक्षण कर रहे बी.एल.ओ. को भी संकीर्ण मनोवृत्ति धारी संदेह के घेरे में खड़ा करने का प्रयास करने से परहेज नहीं कर रहे हैं। उनके आरोपों के अनुसार बी.एल.ओ. विपक्षी दलों के मतदाताओं के वोट काटता है।**



डा. सुधाकर आशावादी

लम्बे समय से देश में फर्जी मतदान का ढिंढोरा पीटकर अनेक राजनीतिक दल कभी अपनी हार का कारण ई.वी.एम. को बताते रहे, कभी कार्यपालिका के प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान में गड़बड़ी का आरोपी प्रचारित करते रहे। मतदाता सूची में गड़बड़ के आरोपों पर ध्यान देते हुए भारत में चुनाव सुधार की प्रक्रिया हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु चुनाव आयोग ने कमर कसी, जिसके उपरांत बिहार में चुनाव हुए। उसके बाद देश के अनेक राज्यों में एस.आई.आर. के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन करने की कवायद चल रही है। एक व्यक्ति एक मतदान अधिकार की स्पष्ट नीति के तहत एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में नाम होना या मृतक अथवा पलायन कर गए मतदाता का नाम संबंधित क्षेत्र की मतदाता सूची से हटाकर मतदाता सूची में प्रामाणिक परिवर्तन करना विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य है। विडंबना यह है कि जो लोग मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी का आरोप लगाकर चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर रहे थे, वहीं मतदाता सूची को अद्यतन करने हेतु की जा रही एस.आई.आर. का विरोध करके चुनाव आयोग के विरुद्ध अराजक प्रदर्शन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है, कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव आयोग के निर्देशन में चल रही एस.आई.आर. में जुटे कर्मचारियों की निष्ठा और कर्तव्य परायणता को संकीर्ण सियासत अपमानित करके देश में अराजकता का वातावरण बनाना चाहती है तथा आम आदमी को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। वह ईमानदारी से चुनाव सुधार प्रक्रिया के पक्ष में नहीं है। यदि चुनाव सुधार के पक्ष में होती, तो अनेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों में एस.आई.आर. का विरोध न करते, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से मतदाताओं की पहचान में सहयोग करते। इतिहास साक्षी है कि देश के दूरदराज के क्षेत्रों में बरसों तक देश में मतपत्रों के माध्यम से चुनाव कराए जाने वाली दीर्घ प्रक्रिया में आम आदमी की मतदान स्थल तक पहुंच नहीं हो पाती थी। गांवों के दबंग जातीय क्षत्रप अपनी मनमानी किया करते थे। बूथ कैप्चरिंग, मतपत्र छीनने और मतपेटियां चोरी करके चुनाव परिणामों को प्रभावित किया जाता था। मतगणना स्थल पर थकाऊ प्रक्रिया में दिन-रात मतपत्रों की गिनती करके चुनाव परिणाम जारी होते थे, जिनमें गड़बड़ी की आशंका रहती थी। अब मतदान पर्यवेक्षकों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में चुनाव कर्मियों को मतदान और मतगणना के लिए विशेष प्रशिक्षण देकर निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाती है। इस प्रक्रिया में जुड़े कर्मियों के अथक प्रयासों से सटीक चुनाव परिणाम आते हैं, किन्तु मतदाताओं द्वारा नकारे जाने से आहत अराजक तत्व अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़कर अपनी रातों की नींद और दिन का चैन गंवाकर चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों की निष्ठा और कर्तव्य परायणता पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा करने में पीछे नहीं रहते। मतदाता सूचियों में यदि गड़बड़ है तथा एक व्यक्ति का एक से अधिक मतदाता सूची में नाम है, तो इसके लिए वह मतदाता दोषी क्यों नहीं है, जो एक मत के स्थान पर अधिक मत देने का दुस्साहस करता है। आम मतदाता तो ऐसा कर नहीं कर सकता।



समझा जा सकता है कि किसी राजनीतिक दल से जुड़ा व्यक्ति ही ऐसा दुस्साहस करने की हिम्मत जुटा सकता है। बहरहाल ऐसा प्रतीत होता है कि एस.आई.आर. का विरोध वही कर रहे हैं, जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के पक्षधर नहीं हैं। यहां यह भी समझना आवश्यक है कि मतदाता सूचियों का परीक्षण कर रहे बी.एल.ओ. को भी संकीर्ण मनोवृत्ति धारी संदेह के घेरे में खड़ा करने का प्रयास करने से परहेज नहीं कर रहे हैं। उनके आरोपों के अनुसार बी.एल.ओ. विपक्षी दलों के मतदाताओं के वोट काटता है। समझ नहीं आता कि इस प्रकार की सोच सियासी तत्व कैसे रख सकते हैं? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े प्राथमिक कर्मचारी से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक मतदाता सूचियों से मतदाताओं के नाम बिना किसी जांच पड़ताल के कैसे काट सकते हैं? क्या प्राथमिक कर्मचारी मतदाता सूची का परीक्षण करने से पहले हर मतदाता से यह पूछता है कि वह किसी राजनीतिक दल का समर्थक है? क्या मतदान के दिन कोई मतदानकर्मी किसी खास दल के समर्थक मतदाताओं से पूछता है, कि वे किस राजनीतिक दल के पक्ष में मतदान करने आए हैं।

# कचरे पर नवजात शिशु का शव सभ्य समाज का कड़वा सच

**बढ़ापुर( चिंगारी )।** मानव समाज में भले ही सभ्यता का सूचकांक शिखर की ओर है। मगर इस सभ्य समाज का काला और कड़वा सच यह है कि सभ्य समाज में इंसानियत, शिक्षित सभ्यता से लगातार पिछड़ती जा रही है। या यूं समझ लीजिए की इंसानियत अब मर नहीं रही, बल्कि दफ़न होती जा रही है। इसका एक उदाहरण बुधवार को बढ़ापुर में देखने को मिला, जहां एक नवजात को पैदा होते ही नग्न अवस्था में कचरे की तरह नदी किनारे फेंक दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई।



नवजात का शव

घटना बुधवार सायं की है। नगर के पश्चिम दिशा में बहने वाली नकटा नदी के किनारे मुहल्ले के ही कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। क्रिकेट खेल रहे बच्चों की गेंद जब तटबंध के पास गई तो गेंद को उठाने के लिए एक बच्चा वहां पहुंचा तो उसे गेंद के समीप एक नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया, जो नग्न अवस्था में था। नवजात शिशु का शव देख उस बच्चे की चीख निकल गई। यह नजारा देख सभी बच्चे क्रिकेट खेलना भूल गए। शव को देख कुछ बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर राहगीर और अन्य मोहल्ले वाले मौके पर पहुंचे और नवजात का शव पड़े होने की सूचना बढ़ापुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। नवजात शिशु का शव देख अनुमान लगाया जा रहा है कि पैदा होते ही उसे यहां फेंक दिया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई।

### बढ़ रही हैं नवजातों को फेंक देने की घटनाएं

नवजात शिशुओं के पैदा होते ही उन्हें फेंकने की घटनाएं अब बहुत ज्यादा सुनने और देखने को मिलती रहती हैं। इन नवजातों को पैदा होते ही फेंक दिये जाने के मानसिक और भावनात्मक समस्याओं के अलावा अवैध संतान, आर्थिक तंगी, नवजात में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जैस प्रमुख कारण हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि नवजात शिशुओं को पैदा होते ही इस तरह फेंककर उनकी हत्या किए जाने का यह तरीका निंदनीय व अमानवीय है और सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। वर्तमान युग का यह सभ्य समाज अपनी सभ्यता पर कितना ही जश्न या गौरव कर ले, मगर सभ्य समाज कि यह अक्षम्य करतूत बताती है कि इस युग में अब इंसानियत मर नहीं रही, बल्कि दफ़न होती जा रही है।

### मासूमों को क्यों अपने गुनाहों की सजा

**कूड़े की तरह फेंके जाने वाले नवजात शिशु चाहे अवैध संतान हो या बीमारी से ग्रस्त हो या कोई और भी अन्य कारण हो, मगर उनके अवैध या बीमार होने में उन मासूमों का क्या कसूर? कसूर किसी और का तो फिर सजा इन मासूमों को क्यों? वह इस दुनिया में स्वयं तो नहीं आए, उन्हें लाया गया है, फिर उन नवजातों की विदाई कूड़े-कचरे की तरह क्यों? यानी इन अभागों के लिए मीटर का चौथाई भाग कफ़न देने की दया भी इंसानों में नहीं रही। हां यह पाप है, नाइंसाफी है, निर्दयता, क्रूरता, कठोरेता, दुष्टता, निंदनीयता, अधर्मता और अमानवीयता है।**

# तेजी से चल रहा है पुराने पुल की मरम्मत का कार्य

## क्षतिग्रस्त पेडेस्टल हटाकर लगाया जायेगा नया पेडेस्टल


पुल के नीचे लगाए गए जैक।


पुल पर कार्य करते मजदूर।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नेशनल हाईवे-74 पर रामगंगा नदी के पुराने पुल की संरचना में आई खराबी के बाद मरम्मत कार्य तेजी से जारी है। करीब एक माह पूर्व एनएचएआई की निरीक्षण टीम ने पियर कैप और गर्डर के बीच लगे पेडेस्टल के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि की थी। स्थिति को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने पुल पर यातायात पूरी तरह रोकते हुए मनोहरवाली कट से वन-वे डायवर्जन लागू किया था। इसके बाद से सड़क निर्माण कंपनी पीएनसी द्वारा पुल की मरम्मत का कार्य निरंतर प्रगति पर है। मरम्मत के तहत पुल के नीचे मजबूत बेस तैयार कर जैक लगाने का चरण पूरा कर लिया गया है। अब मशीनों और जैक की सहायता से पुल के ऊपरी हिस्से (स्पैन) को उठाया जाएगा, जिससे क्षतिग्रस्त पेडेस्टल को हटाकर नया पेडेस्टल स्थापित किया जा सके। इसी प्रक्रिया के लिए स्पैन के संबंधित हिस्से को काटकर अलग किया जा रहा है।

पीएनसी के साइट इंजीनियर भीम सिंह और एनएचएआई के सहायक अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अनुकूल परिस्थितियों में यह प्रक्रिया अगले दो सप्ताह में पूरी होने की संभावना है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बहन-बेटियों पर अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ किया प्रदर्शन



**चांदपुर (चिंगारी)।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति ने ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के बारे में अमर्यादित टिप्पणी करने वाले आईएएस अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया।

बुधवार को बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग तहसील पहुंचे तथा प्रदर्शन किया। बाद में प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिये गये ज्ञापन में कहा कि आईएएस संतोष वर्मा ने ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों पर अशोभनीय टिप्पणी कर मातृशक्ति को अपमानित करने का काम किया। ज्ञापन में आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त कर उनके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में विनोद शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, रोबिन शर्मा, डा. पुलकित शर्मा, नीरज तिवारी एडवोकेट, कृष्णवीर शर्मा आदि शामिल थे।

# एडीएम ने डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर का निरीक्षण किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टेलीफोन पर प्राप्त होने वाली एसआईआर से संबंधित शिकायत पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि दर्ज शिकायतों का तत्काल गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने के लिए शिकायत संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें ताकि उनके माध्यम से शिकायत का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया को निर्बाध, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय कांटेक्ट सेंटर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा स्थापित कांटेक्ट सेंटर जिसके दूरभाष नंबर 01342-262032 व 262033 तथा टोल फ्री नंबर 1950 पर प्राप्त होने वाली जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

# पिता के हत्यारे बेटे को उम्रकैद की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जितेंद्रपाल राजपूत के अनुसार नूरपुर थानांतर्गत ग्राम अस्करीपुर निवासी शेर सिंह पुत्र छग्गा सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 अप्रैल 2021 को उसके चचेरे भाई सुधीर ने रात में अपने पिता चेतराम से शराब पीने के लिए रुपए मांगे, उनके मना करने पर सुधीर ने अपने पिता के हाथ-पैर बांधकर घर के किवाड़ बंद करके चला गया था। उसके जाने के बाद उसके पिता चेतराम की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने सुधीर पर पिता चेतराम की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामअवतार यादव ने पिता चेतराम की हत्या का अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त पुत्र सुधीर को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत उम्रकैद तथा दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

# ग़ायब छात्राओं का 12वें दिन भी नहीं लगा कोई सुराग़

**बिजनौर (चिंगारी)।** एक कॉलेज की दो छात्राओं की रहस्यमय ढंग से हुई गुमशुदगी को बुधवार को 12 दिन पूरे हो गए, लेकिन पुलिस अभी तक किसी ठोस सुराग तक नहीं पहुंच सकी। 15 नवंबर को लापता हुई इन दोनों छात्राओं की तलाश में पुलिस की 11 टीमें लगातार काम कर रही हैं, बावजूद इसके अब तक बरामदगी नहीं हो सकी। घटना को लेकर लगातार तनाव और परिजनों में बेचैनी बढ़ रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय नौवीं की छात्रा 15 नवंबर की सुबह केपीएस इंटर कॉलेज के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसी दिन दूसरे पक्ष की इंटर की एक छात्रा भी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी। नौवीं की छात्रा के परिजन इंटर की छात्रा पर बरगलाकर अपनी बेटी को ले जाने का आरोप लगा रहे हैं। कार्रवाई की मांग को लेकर नौवीं की छात्रा के परिवार और ग्रामीणों ने भाकियू के बैनर तले चार दिनों तक कोतवाली में धरना दिया था। पुलिस की करीब 11 टीमें बिजनौर के बाहर मुंबई, दिल्ली, उत्तराखंड और पंजाब में छानबीन कर रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह स्वयं मामले की कमान संभाले हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की टीमें तकनीकी सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और संभावित ठिकानों पर दबिश देकर लगातार प्रयास कर रही हैं। हालांकि 11 दिन बाद भी सुराग न मिलने से परिजन और पुलिस में चिंता बढ़ती जा रही है। एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि छात्राओं को तलाश करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही छात्राओं को बरामद कर लिया जाएगा।

### माता-पिता ने की भावुक अपील

इस बीच कक्षा नौ की छात्रा के माता-पिता ने भावुक अपील करते हुए सोशल मीडिया पर छात्रा से घर लौटने की गुहार लगाई है। पोस्ट में उन्होंने कहा कि घर पर सभी बेहद परेशान हैं। उसकी सुरक्षित वापसी ही परिवार की एकमात्र इच्छा है। उसके न होने से वह खाना नहीं खा पाए हैं। वो जहां भी हो घर पर फोन कर दे। परिजन उसे लेने आ जाएंगे। उसे कोई कुछ नहीं कहेगा।

# सड़क निर्माण के दौरान नाली का रुख सीधा किया

**चिंगारी में छपी ख़बर तुरंत हुआ उसका असर**

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 6 मोहल्ला नई सराय में लगभग 5 वर्ष पूर्व एक दबंग व्यक्ति द्वारा अपने प्लॉट के आगे सड़क पर अवैध अतिक्रमण करके नाली का रुख परिवर्तित करने के मामले को लेकर जब सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार प्रकाशित हुआ तो हरकत में आये नगर पालिका परिषद प्रशासन और मोहल्लेवासियों की जागरूकता के कारण कल ठेकेदार ने नाली का निर्माण करते समय पूर्व में किये गये कब्जे को हटाकर नाली को सीधा कर दिया है।



चिंगारी में प्रकाशित हुई खबर।
सड़क निर्माण के दौरान नाली का रुख ( मोड़ ) सीधा किया गया।

मालूम हो कि वार्ड नंबर 6 मोहल्ला नई सराय निवासी शाकिर अंसारी, दानिश, आजाद अंसारी, इरफान, नफीस अंसारी, गुलफाम अंसारी, बबलू, इरशाद अंसारी, फैजान, खलील अंसारी, शमीम मंसूरी आदि ने कहा कि नाली सीधी हो जाने के बाद अब सड़क भी चौड़ी हो गई है जिससे नागरिक आसानी से वाहन लेकर यहां से गुजर रहे हैं। उन्होंने पिछले 5 वर्ष से हुए इस अतिक्रमण के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित करने पर सांध्य दैनिक चिंगारी का आभार व्यक्त करने के साथ नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, सभासद पति सलमान मलिक, अशरफ पहलवान का भी शुक्रिया अदा किया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया संविधान दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में संविधान दिवस मनाया गया। ज्ञान व कला की देवी मां शारदा की वंदना के पश्चात समस्त स्टाफ द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। आचार्य भूपेंद्र कुमार द्वारा भारतीय स्वतंत्रता और उसके बाद संविधान की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया। आचार्या सर्वेश कुमारी ने भी डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान देश के नागरिकों को कर्तव्य और अधिकारों का पालन सुनिश्चित करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पत्येक भारतीय को अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग समाज और देश हित में करना चाहिए।

## मकसूद अहमद का हृदय आघात से निधन



**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला काहरान मछली बाजार निवासी मकसूद अहमद का बीती रात हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही उनके परिचितों व मोहल्ले में शोक छा गया। 65 वर्षीय मकसूद अहमद का जनाजा बुधवार को ईशा की नमाज के बाद निकला। उन्हें माहीगीर कब्रिस्तान में सपुर्देखाक कर दिया गया। उनके जनाजे में धामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा, पूर्व विधायक और प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, अनिल शर्मा एडवोकेट, प्रेस क्लब धामपुर पंजीकृत के अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी पत्रकार, पूर्व विधायक नईमुल हसन, नाजिम कुरैशी, नसीम राणा, शमीम अहमद फल वाले, डॉक्टर कमाल अहमद, फरमान अली, मेराज अली, वसीउर रहमान, आसिफ कादरी, हैदर अली, अब्दुल बारी, नदीम शमसी, मोहम्मद आरिफ खान आदि सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## रॉड और हथौड़े से वार करके युवक को घायल किया

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में घर में सो रहे एक युवक पर लोहे की रॉड और हथौड़े से हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। घायल युवक के सिर में 18 टांके आए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सुनील निवासी मोहल्ला कड़च्छ ज्वालापुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 नवंबर की सुबह वह घर में सो रहा था। इसी दौरान अचानक 6-7 लोग घर में घुस आए और लोहे की रॉड व हथौड़ों से उस पर वार कर दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटे आईं। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और बाहर का गेट तोड़कर उसे बचाया। इसके बाद मोहल्ले वालों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। सिर में डॉक्टरों ने 18 टांके लगाये। आरोप है कि दिनेश पिंकी निवासी सुल्तानपुर पुखाला, पिंकी की मां और पिंकी के भाई अनिल ने हमला किया था। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## भाकियू टिकैत ने की गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** सिडकुल रोशनाबाद कलेक्ट्रेट भवन में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। किसानों ने गन्ना मूल्य बढ़ाने और किसानों को मुफ्त बिजली देने की मांग की। विजय शास्त्री ने बताया कि बुधवार को दिल्ली किसान आंदोलन की पांच वी वर्षगांठ पूरी हो चुकी है। इस खास मौके पर गन्ना मूल्य बढ़ाने और किसानों को मुफ्त बिजली की आपूर्ति के लिए एक ज्ञापन एडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा गया। विजय शास्त्री ने कहा कि अगर सरकार उनकी ओर से उठाई गई मांगों को जल्द पूरा नहीं करती है तो भारतीय किसान यूनियन टिकट बडे स्तर पर आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संजय चौधरी, उदय त्यागी, कुलदीप सैनी, सूबासिंह और मुन्ना चौधरी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## खाटू श्याम का सजाया दरबार



**धामपुर ( चिंगारी )।** खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया गया और भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया गया। सारा वातावरण तीन बाण धारी के नारों से गुंजायमान रहा। धामपुर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित पंकज कुमार अग्रवाल के आवास पर तीन बाणधारी खाटू श्याम का दरबार सजाया गया, जिसमें भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया गया। भजन गायक विकास वशिष्ठ महाकाल द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। भजन तीन बाणधारी हमारी विपदा हरो हम पर कृपा करो यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। सारा वातावरण तीन बाणधारी के नारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में राहुल अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विधि अग्रवाल,भोला कुमार, विपिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, चेतराम सैनी, मनोज कुमार, सुचि अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, आशु गुप्ता, मीनू गुप्ता आदि शामिल रहे। बाबा खाटू श्याम की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया।

## वकीलों ने काम नहीं किया, सांसद को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर सांसद चंदन चौहान के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। इस मांग को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओ ने किसी भी न्यायालय में न्यायिक कार्य नहीं किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशाद अहमद व महासचिव चौधरी हरिशवर सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सांसद के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि जनता को सस्ता सुलभ एवं त्वरित न्याय के उद्देश्य से पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी भी जनपद में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशाद अहमद, महासचिव चौधरी हरिशवर सिंह, सुनील शर्मा,रियाज आलम, छत्रपाल सिंह, तुलाराम, नौशाद अली,हाजी सिराजुद्दीन, मनोज कुमार, आनन्द सिंह, बलदेव सिंह आदि शामिल थे।



# नगीना की प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार डा. नुसरत मेहदी यूएई में सम्मानित

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 'सफ़ीर-ए-उर्दू' से नवाजा गया



डॉ. नुसरत मेहदी को अबूधाबी में सम्मानित करते अतिथि।

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना में जन्मी प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार डॉ. नुसरत मेहदी को उनके दीर्घकालीन उर्दू लेखन और उर्दू साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिए अबूधाबी (यूएई) में अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 'सफ़ीर-ए-उर्दू' से नवाज़ा गया। यह सम्मान अबूधाबी स्थित भारतीय सांस्कृतिक संस्था 'कल्चरल कारवां' द्वारा प्रदान किया गया।

नगीना के मोहल्ला सराय मीर में सय्यद इल्तिजा हुसैन ज़ैदी के यहां जन्मी डॉ. नुसरत मेहदी वर्तमान में मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी (मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग) में निर्देशक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने नगीना से 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की और उसके बाद मेरठ यूनिवर्सिटी से स्नातक और बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी और रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी भोपाल से स्नातकोत्तर और पीएचडी की है। डॉ. नुसरत मेहदी की अब तक 12 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उर्दू कॉन्फ्रेंसेज़, किताब मेलों, सेमिनारों, मुशायरों, कार्यशालाओं में भोपाल का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि यह सम्मान उर्दू साहित्य में उनके व्यक्तिगत योगदान की स्वीकार्यता तो है ही, साथ ही भारत में उर्दू भाषा, साहित्य और उसकी तहज़ीब के संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उर्दू की सराहना का प्रतीक भी है। नगीना डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष इरशाद मत्तानी, काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, उर्दू साहित्यकार डॉ. शेख नगीनवी, शिक्षाविद परवेज़ आदिल माही, उर्दू शायर डॉ. आलमगीर काजमी, हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी ने डा. नुसरत मेहदी को मुबारकबाद पेश की है।

# सीओ सदर के आश्वासन पर शांत हुए अधिवक्ता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अधिवक्ता अंकुर गौड़ पर हमले के मामले में सीओ सदर के गिरफ्तारी के आश्वासन पर अधिवक्ताओं का गुस्सा शांत हुआ।

गौरतलब है कि जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अंकुर गौड़ पर 16 नवंबर को हुए जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई न होने से अधिवक्ताओं में लगातार रोष बना हुआ था। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत थे। नाराज़गी को देखते हुए बुधवार को सीओ सिटी संग्राम सिंह जिला बार हाल पहुंचे और अधिवक्ताओं से वार्ता की। वार्ता के दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस पर देरी का आरोप लगाया और हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग दोहराई। अधिवक्ताओं ने कहा कि घटना गंभीर है। हमलावरों को खुला छोड़ना कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, जिस पर सीओ सिटी संग्राम सिंह ने आश्वासन दिया कि हमलावरों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। सीओ के आश्वासन के बाद अधिवक्ता शांत हुए।

इस मौके पर पूर्व जिला बार अध्यक्ष एसके बबली, राजीव चौहान, अंकुर गौड़, आशीष तोमर, दीपक सैनी, राकेश अग्रवाल, शुभम चौधरी, रामपाल सिंह, सचिन चौधरी सहित कई वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता मौजूद रहे।

# साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव गोगली में संचालित महाराणा प्रताप विद्या मंदिर स्कूल एवं जलालपुर हसना गांव के प्राथमिक विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराधों के विभिन्न रूपों ऑनलाइन ठगों से बचाव सुरक्षित डिजिटल प्रथाओं तथा इंटरनेट उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी देते हुए व्हाट्सएप ऐप हैकिंग सोशल मीडिया फ्रॉड बैंकिंग यूपीआई ठगी फर्जी कॉल एवं लॉटरी नुमा धोखाधड़ी संदिग्ध एप्लीकेशन पर्सनल डाटा जैसे गंभीर विषयों को लेकर चर्चा की गयी और साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने हेतु राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा संबंधित पोर्टल की जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं नागरिकों को प्रेरित करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध से बचाव जागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय है, इसलिए स्वयं के साथ-साथ परिजनों तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक बनाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह तालान, उपनिरीक्षक सुमित कुमार, महिला उपनिरीक्षक मुन्नी राठी, कांस्टेबल संदीप कुमार व महेश कुमार तथा महिला आरक्षी संगीता के अलावा ग्राम प्रधान संजीव कुमार मौजूद रहे।

# बिजनौर के वकीलों ने सांसद चंदन चौहान का घेराव किया

## हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट बैंच संघर्ष समिति के आव्हान पर जिला बार एसोसिएशन बिजनौर व तहसील बार एसोसिएशन जानसठ जिला मुजफ्फरनगर द्वारा संयुक्त रूप से सांसद चन्दन चौहान का उनके आवास मुजफ्फरनगर में घेराव कर धरना दिया तथा ज्ञापन देकर संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापित कराने के लिए जोर-शोर से आवाज़ उठाने की मांग की।

बिजनौर जिला बार अध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव विशाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश चाहल, कोषाध्यक्ष अंबिका राणा, वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद सईद, नरपाल सिंह मलिक, पूर्व संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार, पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष कोमेन्द्र सिंह, युवा अधिवक्ता अर्पण जंघाला, अध्यक्ष तहसील बार एसोसिएशन जानसठ शशि कुमार सैनी, पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचंद शर्मा, एडवोकेट लवकुश चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अली, कोषाध्यक्ष जानसठ कमलदीप सिंह, एडवोकेट संदीप प्रजापति के अलावा सैकड़ों अधिवक्ता सांसद चंदन चौहान के निवास पर मुजफ्फरनगर पहुंचे और सांसद का घेराव कर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने सांसद को एक ज्ञापन दिया, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना के लिए संसद में आगामी शीतकालीन सत्र में ज़ोर-शोर से मांग उठाने की मांग की। घेराव के दौरान सांसद चन्दन चौहान ने बिजनौर बार एसोसिएशन व तहसील जानसठ बार एसोसिएशन के ज्ञापन ग्रहण कर आश्वासन दिया कि वे पूर्णतया अपनी लोकसभा क्षेत्र के अधिवक्ताओं के साथ हैं तथा शीतकालीन सत्र में लोकसभा में अधिवक्ताओं की मांग को जोरदार ढंग से उठाएंगे। सांसद ने बिजनौर के अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि वे बिजनौर बार का भी पूर्ण सहयोग करेंगे।

# पिंडदान स्थल और तालाब की भूमि को क़ब्ज़ामुक्त कराने की डीएम से की मांग

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा के ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह के साथ जिलाधिकारी से मिलकर पिंडदान स्थल एवं तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराये जाने की मांग की है। ग्रामीण इससे पहले 3 बार एसडीएम से मिल चुके थे, मगर उक्त भूमि को कब्जामुक्त नहीं कराया गया था।

विकास खंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा के पूर्व ग्राम प्रधान सुरेन्द्र चौधरी एवं सुनील धीमान, राजवीर सिंह, अरुण कुमार, कामेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के साथ बुधवार की दोपहर जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिले। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि बस्ती के बीच खसरा संख्या 184 में सार्वजनिक तालाब स्थित है। तालाब के दक्षिणी-पश्चिमी भाग में ग्रामीण अपने परिजनों की मृत्यु हो जाने पर उनके मृत शरीर को रखकर पिंडदान संस्कार करते हैं। इस स्थान पर पिंडदान संस्कार गांव के आबाद होने के समय से ही किया जाता है। गांव के विजेन्द्र पुत्र भगवत, गुड्डू पुत्र महेन्द्र, अरुण उर्फ भोला पुत्र महेन्द्र, इंतेखाब पुत्र अली हसन तथा अनस पुत्र इंतेखाब आदि ने अवैध रूप से दबंगई के बल पर पिंडदान स्थल तथा तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है तथा अवैध निर्माण करने की फिराक में हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल अतिक्रमण करने वालों से हमसाज है, इसीलिये उसने वहां से उनकी ईंटें वगैरह नहीं हटवाई हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पिंडदान स्थल एवं तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में वे 3 बार एसडीएम से मिलकर उक्त भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग कर चुके थे, मगर कोई कार्यवाही नहीं की है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मंत्री भारतेन्द्र सिंह ने उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। ज्ञातव्य है कि उक्त प्रकरण गांव में काफी दिनों से चर्चा के केन्द्र में है। विगत 23 नवम्बर को गांव की निवासी एक महिला की मृत्यु हो जाने पर उक्त स्थल पर पिंडदान लगाने को लेकर ग्रामीणों व अतिक्रमणकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई थी।

# अमानगढ़ में प्रभावित न हो जाये बाघों का प्राकृतिक घनत्व

*अफजलगढ़ ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े बाघ आरक्षित वन क्षेत्र से लगातार बाघों का अपने प्राकृतिक आवास से बाहर निकलना या पकड़े जाने के बाद उन्हें अन्य टाइगर रिजर्व में भेजा जाना अमानगढ़ में बाघों का प्राकृतिक घनत्व प्रभावित कर सकता है। इससे न केवल जंगल सफारी में पर्यटकों को बाघ के दीदार में कमी आ सकती है, बल्कि दीर्घकाल में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के संरक्षण और पर्यटन भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न उभर सकता है। विदित हो कि अक्टूबर-नवंबर माह में मोहम्मदपुर राजौरी क्षेत्र से पकड़े गए बाघ को सुहेलवा वन्यजीव प्रभाग भेजा गया था। अब एक बार फिर क्षेत्र में एक अन्य बाघ के देखे जाने की चर्चा ने स्थानीय लोगों और वन विभाग दोनों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। यह आशंका प्रबल हो रही है कि कहीं यह बाघ भी अमानगढ़ टाइगर रिजर्व से बाहर तो नहीं आया ?*

## बाघों के बाहर आने के संभावित कारणों पर चर्चा तेज

हाल के दिनों में यह विमर्श भी सामने आया है कि क्या बाघों के बाहर निकलने के पीछे वन्यजीव आवासों पर बढ़ता दबाव एक कारण हो सकता है। रिजर्व के कोनों पर बसे वन गुर्जरों और उनके मवेशियों की संख्या बढ़ने को कुछ विशेषज्ञ एक महत्वपूर्ण कारक मानते हैं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि वन गुर्जर सदियों से जंगलों के पारिस्थितिक ढांचे का एक हिस्सा रहे हैं। इस संदर्भ में वन्यजीव विशेषज्ञ यह राय रखते हैं कि मुद्दा वन गुर्जरों का अस्तित्व नहीं, बल्कि किसी भी प्रकार का असंतुलन है। चाहे वह बढ़ती मानव गतिविधि हो, चराई का दबाव हो या जंगल के प्राकृतिक संसाधनों पर अतिरिक्त भार। उचित प्रबंधन, वन विभाग का वैज्ञानिक दृष्टिकोण और स्थानीय समुदायों का सहयोग इस चुनौती को संवेदनशीलता से संभालने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

## संतुलन बनाना समय की जरूरत

*अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के रिकॉर्ड बताते हैं कि रिजर्व के भीतर व नजदीक रहने वाले वन गुर्जरों की संख्या पहले अपेक्षाकृत कम थी, लेकिन वर्तमान में उनकी और उनके मवेशियों की संख्या में तेजी से हुए वृद्धि से जंगल के कुछ हिस्सों पर दबाव महसूस किया जा रहा है। हालांकि, वन गुर्जर समुदाय हमेशा से जंगल के साथ सह-अस्तित्व की संस्कृति रखते आए हैं। इसलिए समाधान टकराव नहीं, बल्कि बेहतर प्रबंधन और संतुलन में है।*


मोहम्मदपुर राजौरी से पकड़ा गया बाघ ( फाइल फोटो )

## जनमानस में बढ़ी सतर्कता

क्षेत्र में बाघ की दोबारा उपस्थिति ने लोगों का ध्यान मानव-वन्यजीव संतुलन की ओर मजबूती से खींचा है। वन विभाग अभी बाघ की वास्तविक गतिविधि की पुष्टि में जुटा है। लेकिन इस घटना ने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की संरक्षण नीति और भविष्य की रणनीतियों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता को रेखांकित कर दिया है। यदि समय रहते बाघों के सुरक्षित आवागमन, प्राकृतिक आवास के संरक्षण और स्थानीय समुदायों के सहयोग को केंद्र में रखकर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के पर्यावरणीय संतुलन और पर्यटन क्षमता दोनों पर प्रभाव पड़ सकता है। यह मामला केवल बाघों की उपस्थिति का नहीं, बल्कि मानव और वन्यजीव दोनों के सुरक्षित सह-अस्तित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। इस संबंध में एसडीओ अंशुमन मित्तल का कहना है कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के भीतर कितने वन गुर्जर रहते हैं इनका उन्हें ध्यान नहीं है। विभागीय अभिलेख देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जबकि इस संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में कला संगम कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में कला संगम कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें छात्रों ने क्राफ्टिंग, चित्रकला, मूर्तिकला इत्यादि का संगम तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में डॉ.अशोक कुमार, मोहित अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा शामिल थे। छत्रो ने अच्छी कलाकृतियां बनाकर सभी का मन मोह लिया । प्रथम ग्रुप में ओम प्रथम, काव्या द्वितीय, नक्श तृतीय, द्वितीय ग्रुप में डिंपल प्रथम, नंदिता द्वितीय व लक्षी तृतीय, तृतीय ग्रुप में राशि प्रथम, शिलांग वर्मा व कनिष्क यादव द्वितीय, शरद शर्मा व कृष्णन अग्रवाल तृतीय, चतुर्थ ग्रुप में अक्षरा भाटिया प्रथम, कनिष्क व रक्षित द्वितीय, आकांक्षा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा अशोक कुमार व डॉ. दिनेश सिंह ने छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियाँ की घोषणा की। कार्यक्रम में प्राइमरी विंग की प्रभारी श्रीमती पूजा शर्मा, कु. दिव्या, श्रीमती विमल और आर्ट के शिक्षक कलवा का पूर्ण सहयोग रहा।

# दिव्यांगों व मज़लूमों के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी : एमआर पाशा

## तहसीलों व थानों में रिश्वतखोरी का हर स्तर पर करेंगे भारी विरोध

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीप आइकॉन ब्रांड एंबेसडर विधानसभा चुनाव 2022 व लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप आइकॉन ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांगों व मजलूमों के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई हर हाल में जारी रहेगी। तहसीलों व थानों में रिश्वतखोरी व पक्षपात का विरोध भी जारी रहेगा, चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने दिव्यांगों, मजलूमों व गरीबों की उपेक्षा पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि नौकरी मिलने के बाद अधिकारी व कर्मचारी खुद को राजा समझने लगते हैं, वह आम जनता की समस्याओं का न तो गंभीरतापूर्वक समाधान करते हैं और न ही उन्हें सम्मान देते हैं। थानों व तहसीलों सहित अन्य विभागों में दिव्यांगों व गरीबों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। भ्रष्ट अफसरों के पास दिव्यांगों की समस्याएं सुनने का वक्त नहीं है। दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शत-प्रतिशत मिलना चाहिए। साथ ही कम से कम 5 हजार रुपए की मासिक पेंशन भी मिलनी चाहिए। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान करने की बजाए पत्र लेकर बैरंग लौटा दिया जाता है। यह नहीं देखा जाता है कि वह महंगाई के इस दौर में इतनी दूर से कैसे अपनी समस्याएं लेकर आया होगा। उन्होंने कहा कि डूडा सहित जनपद में कई ऐसे विभाग हैं, जहां पर जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। विकास भवन में बैठने वाले अधिकारी अपना ही विकास कर रहे हैं। उन्हें दिव्यांगों व गरीबों सहित आम जनता की कोई चिंता नहीं है। जनप्रतिनिधि भी इन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एक शब्द नहीं बोलते हैं।



# किफ़ायती प्रेषण के लिये डाक विभाग शुरू करने जा रहा ज्ञान पोस्ट सेवा

बिजनौर ( चिंगारी )। डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने बताया कि डाक विभाग द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, प्रकाशकों तथा प्रशिक्षण संस्थानों के मध्य अध्ययन एवं प्रशिक्षण सामग्री के सुरक्षित, विश्वसनीय एवं किफायती प्रेषण को बढ़ावा देने हेतु ज्ञान पोस्ट सेवा संचालित की जा रही है। यह सेवा विद्यार्थियों, शिक्षण संस्थानों और प्रकाशकों के लिए अत्यंत लाभकारी है, क्योंकि इसके माध्यम से अध्ययन सामग्री रियायती दरों पर देश के किसी भी भाग में भेजी सकती है, जिसमें अध्ययन सामग्री, पुस्तकों, स्टडी पैकेज, प्रश्न बैंक, मॉडल पेपर आदि भेजने की सुविधा, शैक्षणिक संस्थानों हेतु रियायती डाक दरें, सामग्री की सुरक्षित एवं समयबद्ध डिलीवरी, देश के किसी भी स्थान पर प्रेषण की सुविधा, आईटी 2.0 प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी एवं सरल बुकिंग आदि विशेषताएं शामिल हैं, जिनका उपयोग विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय, विद्यालय, कोचिंग एवं प्रशिक्षण संस्थान, परीक्षा आयोजन संस्थान, पुस्तक प्रकाशक एवं वितरक में किया जा सकता है।

# सुदामा निःस्वार्थ मित्रता एंव निष्काम भक्ति का साक्षात दर्शन-संघर्षी

**चांदपुर ( चिंगारी )। श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा प्रवक्ता महंत-पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी ने कहा कि सुदामा निस्वार्थ मित्रता एवं निष्काम भक्ति का साक्षात दर्शन है। वह इस जन्म में ही परम् मोक्ष चाहता है, वह और किसी नये कर्म बन्धन में बंधना ही नहीं चाहता। इसी कारण वह भगवान का परम् मित्र होकर भी वह उनसे कुछ भी मांगने को तैयार नहीं है।**

श्री संघर्षी महाराज आगे कहते हैं कि भक्ति के बल पर ही ईश्वर को भी अपने मित्र तथा सखा के रूप में अपना रक्षक बनाया जा सकता है। श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता चिर काल तक भक्तों को प्रेरणा देती रहेगी। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं हम सभी के आत्मकल्याण तथ परम् गति के लिए श्रवण करायी जा रही है, कलियुग में केवल श्रीमद् भागवत कथा ही परम् मोक्ष का साधन है। श्री संघर्षी ने कहा कि जिस क्षण संसार में हमारा जन्म हो जाता है, उसी क्षण मृत्यु हमारे आगे-पीछे डोलने लगती है। जब तक हम पर ईश्वर की कृपा है, तभी तक हम सुरक्षित हैं। वरना थोड़ी सी भी सावधानी हटी तभी समझ लो दुर्घटना घटी। ईश्वर की शरणागति ही हमें मृत्यु के संकट से बचा सकती है। कथा में मुख्य यजमान एड. प्रभात गुप्ता तथा उनके पुत्र एड. मनु गुप्ता जी ने व्यास पूजन के अन्तर्गत कथा व्यास महंत-पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी महाराज को माल्यार्पण कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर यजमान तेजपाल सिंह (बिजली वाले) रविन्द्र अग्रवाल नमकीन वाले, मनोज वर्मा, श्रीमती प्रकाशो देवी ने भी श्री महाराज जी का सम्मान किया। कथा में परीक्षित के रूप में एड. मनु गुप्ता सपत्नीक उपस्थित रहकर पूर्ण रूप से समर्पित रहे। आज की




कथा में कथा प्रवक्ता ने श्री सुदामा की मित्रता, पांडवों का पर्वतारोहण, यदुवंश का माता गांधारी जी के श्राप के कारण विनाश भगवान श्री कृष्ण का गौलोकधाम को पधारना, परीक्षित जी का मोक्ष कलिकाल का वर्णन इत्यादि प्रसंगों को बड़े ही मार्मिक ढंग से भक्तों को श्रवण कराया, जिसे श्रवण कर सभी भक्तभाव विभोर हो गए। कथा में श्री संघर्षी महाराज के परम् शिष्य श्रीमद्भागवत कथा व्यास श्री राजकुमार सुदर्शन जी महाराज ने भी सपत्नीक उपस्थित होकर श्री गुरु महाराज जी का पूजन किया तथा बड़े मधुर मधुर भजन गाकर सभी का मन जीत लिया।

# बचत न खोयें, गेहूं के साथ गन्ना बोयें

## बरकातपुर मिल ने किया कृषक गोष्ठी का आयोजन


गोष्ठी को सम्बोधित करते गन्ना वैज्ञानिक डा. डी. बी. फोण्डे

**नांगल सोती (चिंगारी)। बुधवार को उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के खुड़ाहेड़ी कृषि फार्म पर मिल प्रशासन द्वारा विशाल कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से गेहूं के साथ गन्ने की फसल की बुवाई पर जोर दिया गया।**

गोष्ठी के मुख्य अतिथि उत्तम शुगर मिल्स ग्रुप के अधिशासी निदेशक शंकरलाल शर्मा तथा मुख्य वक्ता गन्ना वैज्ञानिक डा. डी.बी. फोण्डे ने उपस्थित कृषकों को गेहूं के साथ गन्ना लगाने (बोने) की विधि विस्तारपूर्वक बताई। उन्होंने कहा कि गेहूं के साथ गन्ना लगाने के लिये अलग से खेत को तैयार नहीं करना पड़ता है। इससे कृषकों को प्रति एकड़ 3 हजार रूपये की बचत होती है। गेहूं की बुवाई इस प्रकार से करने पर गेहूं के उत्पादन में भी 15 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है। फरवरी माह में गन्ने की बुवाई करने के लिये लेबर आसानी से मिल जाती है। जबकि गेहूं काटने के बाद मई में गन्ना बुवाई करने के लिये लेबर बहुत महंगी और बड़ी मुश्किल से मिलती है। फरवरी में अच्छी गुणवत्ता का गन्ना बीज उपलब्ध रहता है। चीनी मिल चल रही होती है, तो गन्ने का ऊपरी भाग बीज में प्रयुक्त कर नीचे का भाग मिल में आपूर्ति कर सकते हैं। गन्ने की फसल में पहली दो सिंचाई अलग से नहीं करनी पड़ती हैं। गेहूं कटाई के बाद गन्ने की बुवाई करने से वर्षा ऋतु में गहरे खेतों में जलभराव होने के कारण फसल खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। गन्ने की फसल को तैयार होने के लिये दो-ढाई माह का अतिरिक्त समय मिलने के कारण गन्ने के उत्पादन में 20 से 25 फीसदी की बढ़ोतरी होती है। संयुक्त उपाध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने किसानों को चीनी मिल की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा गोष्ठी को सफल बनाने के लिये उनका आभार प्रकट किया। कृषकों को खुड़ाहेड़ी कृषि फार्म का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, ग्रुप की खाईखेड़ी इकाई के महाप्रबंधक (गन्ना) संजीव कुमार, शेरमऊ इकाई के गन्ना विकास विभागाध्यक्ष शोकेन्द्र सिंह का विशेष रूप से योगदान रहा। वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना विकास) चांदवीर सिंह के संचालन में आयोजित कृषक गोष्ठी में कुलवीर सिंह, सुभाष सेठ, साधुराम प्रधान, मुकेश राजपूत, मानव चौधरी, रणवीर सिंह, कुलवीर राजपूत, संजीव चौधरी, राजेन्द्र मोहन, कलीराम प्रधान, राजपाल सिंह सहित सैकड़ों कृषक मौजूद रहे।

## गेहूं के साथ गन्ने की बुवाई करने से किसानों को होगा डेढ़ गुना लाभ : डा. डी.बी. फोण्डे


डा. डी. बी. फोण्डे

गन्ना वैज्ञानिक डा. डी. बी. फोण्डे ने 'चिंगारी' से वार्ता करते हुए बताया कि गेहूं के साथ गन्ने की बुवाई करने से किसानों को डेढ़ गुना लाभ होता है। बिजनौर जिले में गेहूं की बुवाई काफी बड़े क्षेत्रफल में होती है। इसलिये बिजनौर के किसान इस विधि से काफी लाभ उठा सकते हैं। इस विधि से गेहूं-गन्ना बुवाई करने के लिये गेहूं बुवाई के साथ-साथ गन्ने की बुवाई हेतु कूंड निकाल दिये जाते हैं। 15 फरवरी के आसपास उन कूंड में गन्ने की बुवाई की जाती है। इससे किसानों को कई लाभ होंगे, जहां आर्थिक लाभ होगा, वहीं बीज चयन में सुविधा होगी। फरवरी में गन्ना बीज मिलने में कोई समस्या नहीं होगी, हर जगह पर्याप्त मात्रा में गन्ना खड़ा रहता है। गन्ना और गेहूं दोनों का उत्पादन बढ़ता है। गन्ने को परिपक्व होने के लिये अतिरिक्त समय मिलता है। डा. फोण्डे ने बताया कि गन्ने की बुवाई के लिये अप्रैल-मई का मौसम ज्यादा अच्छा नहीं है, क्योंकि उस समय गर्मी बहुत ज्यादा पड़ती है। जबकि फरवरी का मौसम गन्ने की फसल के लिये बेहद अनुकूल है। उस समय बुवाई हेतु मजदूरों की दिक्कत भी नहीं होती है। अभी बिजनौर के किसानों के लिये यह नया अनुभव है। लेकिन जब किसान गेहूं के साथ गन्ना लगाना शुरू कर देंगे, तो उन्हें यह तकनीक रास आयेगी। यह तकनीक किसानों के लिये काफी लाभदायक सिद्ध होगी और वे निश्चित तौर पर लाभान्वित होंगे। डा. फोण्डे ने जनपद बिजनौर के कृषकों से गेहूं के साथ गन्ना लगाने की पुरजोर अपील की है।


गेहूं के साथ गन्ने की बुवाई के लिये कूंड निकाले जाने की विधि देखते किसान

**आवश्यक सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वकर्मा विकास सेवा एसोसिएशन रजि. राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष की मोहर कहीं खो गई है। इस मोहर का किसी के द्वारा उपयोग पूर्णतः अवैध माना जायेगा।**

## बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी, संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई



**शेरकोट (चिंगारी)।** संविधान दिवस के मौके पर नगर के विद्यालयों और सरकारी कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना की शपथ ग्रहण कराकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुधवार को नगर के आर.यू.एम. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने बच्चों व स्टाफ को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने ही भारत को लोकतांत्रिक देश बनाया है। उन्होंने कहा हमारा संविधान कोई मामूली दस्तावेज नहीं है, बल्कि ये देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। शपथ दिलाए जाने के बाद डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्रहित में काम करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर लिपिक अबरार अहमद, कैलाश चन्द्र, विजयपाल सिंह, शकील अहमद, सुरेन्द्रपाल, रिहान अहमद, रईस अहमद, मोहम्मद आलाम, मोहम्मद रिजवान, अरशद हुसैन, मोहम्मद शहजाद आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, दक्ष आदर्श वैदिक इन्टर कालेज में विनीत त्यागी, मुस्लिम फण्ड कन्या इंटर कॉलेज मे प्रधानाचार्य नूर अफशा आदि ने शपथ दिलाई।

चिंगारी

**के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।**

**मोहित शर्मा**

संवाददाता, मोबाइल नम्बर-

**9012967455**

**ख़बर सबसे पहले**

**असर सबसे ज़्यादा**

चिंगारी

## याद-ए-खलील के नाम से नगीना में फुटबॉल टूर्नामेंट कल से




**नगीना (चिंगारी)।** याद ए खलील के नाम से नगीना में दस दिवसीय ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 28 नवंबर से होगा। नगीना फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए अध्यक्ष राकेश कर्णवाल व सचिव नौशाद अप्पा ने बताया कि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट में देशभर की 18 टीम हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 28 नवंबर को हिंदू इंटर कॉलेज के बराबर में स्थित मैदान पर होगा, जिसमें पहले दिन काशीपुर व हरिद्वार की टीम का मुकाबला होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील करेंगे।

## शिक्षकों ने प्रदूषण नियंत्रण के फायदे बताये, बच्चों ने नीम, तुलसी के पौधे लगाये

**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के एस.एम. गुडविल एकेडमी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक अंकुर जैन और आनामिका जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नीम, गुलमोहर, तुलसी, मोगरा आदि कई प्रकार के पौधे लगाए। इस दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को पेड़ों के महत्व, प्रदूषण नियंत्रण और वातावरण को स्वच्छ बनाने में योगदान के बारे में सरल और रोचक जानकारियां दीं। बच्चों ने पौधा रोपण के लिए मिट्टी तैयार की, पौधे रोपे और इनकी नियमित देखभाल करने और अपने घरों व आसपास हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रबंधक अंकुर जैन ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में जोया, माहीन, शिफा, इलमा, नमरा, फैज़, शिज़ा, बुशरा, असमिल, जोया नाज़,





सालिहा, वंश, सूर्यकान्त, सुहाना, ज़की आदि बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम आयोजन में कुलदीप सिंह, ललित कुमार, नेहा, फौजिया, तूबा आदि शिक्षकों का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने हाथों में पौधे और नारे लिखी तख्तियां लेकर जागरूकता रैली भी निकाली।

# विश्व पटल पर ध्रुव की तरह चमके

# नगीना के चंपत राय

"विहिप नेता चंपत राय का जन्म 18 नवम्बर 1946 को जनपद बिजनौर के नगीना कस्बे में मोहल्ला सरायमीर निवासी रामेश्वर प्रसाद व सावित्री देवी के साधारण परिवार में हुआ था। पिता रामेश्वर प्रसाद बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। चंपत राय, परिवार के 10 भाई/बहनों में दूसरे नंबर के भाई हैं। आज उनके नगीना में स्थित पैतृक आवास पर उनके छोटे भाई सुनील बंसल रहते हैं जो घर के पास ही एक छोटी सी बर्तन की दुकान चलाते हैं।

**नगीना (चिंगारी)।** 25 नवंबर को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण पूरा होने के उपलक्ष्य में मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा लहराने के साथ ही विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्रीराम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव व मंदिर आंदोलन के महानायक नगीना निवासी चंपतराय बंसल की चार दशक पुरानी प्रतिज्ञा भी पूरी हो गई। अयोध्या आंदोलन और श्रीराम मंदिर निर्माण के मौन तपस्वी साधक चंपत राय बंसल पूरी तरह से राष्ट्र व राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पित हैं तथा करीब 44 साल पहले उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए घर, परिवार व नौकरी का त्याग कर दिया था। श्रीराम मंदिर आंदोलन से लेकर निर्माण कार्य पूरा होने तक वह हमेशा अग्रणी भूमिका में रहे। मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने के समय प्रधानमंत्री के साथ दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में चंपत राय बंसल की उपस्थिति ने नगीना वालों को भी गौरवान्वित कर दिया। कौन जानता था कि नगीना की गलियों व मोहल्लों में घूमने वाला पतला, दुबला सामान्य सा बालक एक दिन देश के करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम मंदिर के निर्माण का नायक बनेगा और विश्व पटल पर ध्रुव की तरह चमकने लगेगा।



सुप्रीम कोर्ट से रामलला (श्री रामजन्म भूमि) के पक्ष में निर्णय आने के बाद से ही चंपत राय अयोध्या में ही प्रवास कर रहे हैं और भव्यतम मन्दिर के नक्शे को अंतिम रूप देने, निर्माण सामग्री, शिलान्यास व भूमि पूजन की तिथि का निर्धारण कराने से लेकर हजारों अतिविशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित करने व मंदिर निर्माण कार्य पूरा कराने तक के काम में लगे रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक श्री रामलला के मुकदमे की विजय तक और फिर राम मंदिर निर्माण का नया अध्याय लिखने वाले चंपत राय बंसल अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका में रहे हैं।

## आपातकाल में जेल काटी

25 जून, 1975 को जब देश में आपातकाल लगा, तब चम्पत राय आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर में प्रवक्ता थे। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने कॉलेज पहुंची। चम्पत राय को प्राचार्य के कक्ष में बुलवाया गया। उस समय वे कॉलेज में विद्यार्थियों को पढ़ा रहे थे। प्राचार्य कक्ष में पुलिस से उन्होंने कहा कि घर से वे कपड़े लेकर पुलिस कोतवाली में पहुंच रहे हैं। घर पहुंचकर उन्होंने माता-पिता को सारी बातें बतायीं। माता-पिता ने उनका तिलक किया और कोतवाली तक साथ गये। करीब 18 महीने तक जेल में रहने के बाद जब आपातकाल समाप्त हुआ, तभी उनको रिहा किया गया।

## विहिप के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तक का सफर

आपातकाल समाप्ति के बाद जब चंपत राय जेल से रिहा हुए तो संघ के प्रति उनकी आस्था व श्रद्धा और बढ़ गयी। वे फिर संघ कार्य में लग गए। एक समय ऐसा आया जब 1980-81 में अपना इस्तीफा प्राचार्य को देकर संघ के प्रचारक बनकर निकल गये। परिवार में अपने वृद्ध माता-पिता एवं 9 भाई-बहनों को छोड़कर संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बन गए। पहले जिला देहरादून सहारनपुर में प्रचारक रहे, फिर 1985 में मेरठ के विभाग प्रचारक रहे। वर्ष 1986 में संघ के शीर्ष नेतृत्व ने विश्व हिंदू परिषद में प्रांत संगठन मंत्री बनाकर भेज दिया। उसके बाद 1991 में क्षेत्रीय संगठन मंत्री बनाकर अयोध्या भेज दिया। वर्ष 1996 में विहिप के केंद्रीय मंत्री बनाए गए। वर्ष 2002 में सयुक्त महामंत्री और फिर अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बनाए गए। वर्तमान में विहिप के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव हैं।

## राम मंदिर निर्माण रही महत्वपूर्ण भूमिका

राम मंदिर के सामाजिक आंदोलन के साथ-साथ कानूनी लड़ाई में भी चम्पत राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। परंतु उन्होंने कभी यह आभास नहीं होने दिया कि इस आन्दोलन में उनकी क्या भूमिका रही है। एक मौन तपस्वी की भांति इस आन्दोलन में हर क्षण सक्रिय रहे। अपने कक्ष को श्रीराम जन्मभूमि की फाइलों और साक्ष्यों से भर रखा था। प्रतिदिन वकीलों को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए नये-नये साक्ष्यों को देर रात तक खोजकर उपलब्ध कराना, सुबह वकीलों के साथ कोर्ट में जाना और सुनवाई के दौरान वक्त धैर्यपूर्वक बैठे रहना, यह कोई सामान्य बात नहीं है। 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री रामलला के अयोध्या मंदिर में विराजमान होते ही चंपत राय बंसल का नाम पूरे देश भर में अच्छी तरह पहचाना जाने लगा है। सादगी भरा जीवन जीने वाले चंपत राय को देखकर कोई भी उनकी श्री राम मंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका में होने की पहचान नहीं कर सकता है।

## संघ के प्रति समर्पण

**चंपत राय को संघ की शाखा में जाने की प्रेरणा अपने पिता से ही मिली थी। वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहे। प्राथमिक शिक्षा नगीना के प्राथमिक पाठशाला से हुई। हिंदू इंटर कॉलेज से इंटर मीडिएट किया। वर्ष 1967 में मेरठ कॉलेज, मेरठ से बी.एससी. और 1969 में एम.एससी. वर्धमान कॉलेज, बिजनौर से करने के बाद 1970-71 में रोहतक के एक डिग्री कॉलेज में पढ़ाया। उसके उपरांत 1972 में आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर (बिजनौर) में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता बन गए। वर्ष 1980-81 में उन्होंने प्रवक्ता पद से इस्तीफा देकर अपने आपको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति समर्पित करते हुए प्रचारक जीवन जीने का व्रत लिया।**

# गर्व होता है चंपत राय बंसल पर

**नगीना (चिंगारी)।** अयोध्या में 25 नवंबर को श्रीराम मंदिर निर्माण पूरा होने के उपलक्ष्य में मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा लहराने के ऐतिहासिक मौके को लेकर नगीना के लोगों में भी खासा उत्साह व उमंग है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल के नगीना निवासी होने के कारण यहां के लोग गर्व की अनुभूति महसूस कर रहे हैं।

हिंदू इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता व चंपत राय बंसल के गुरु रहे अवध बिहारीलाल अग्रवाल का कहना है कि वह अपने शिष्य चंपत राय की राम मंदिर निर्माण को लेकर वर्षों पुरानी साधना पूरी होने



अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना साकार होना एक सुखद अनुभव है। उनका कहना है कि टेलीविजन व मीडिया चैनल पर चंपत राय को बोलता देख गर्व की अनुभूति होती है।



प्रमुख ट्रांसपोर्टर व चंपत राय के पड़ोसी शलभ गोयल का कहना है कि अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण के पूरे होने व मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज के लहराने का दृश्य देखकर सुखद अनुभूति होती है।

विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप



गर्ग का कहना है कि श्री राम मंदिर निर्माण के कार्य का पूरा होना एक बड़े सपने के साकार होने जैसा है। उन्होंने कहा कि नगीना के चंपत राय बंसल के मन्दिर आंदोलन में मुख्य भूमिका में रहने से नगीनावासियों में खुशी की लहर है।

व्यापारी व भाजपा नेता पंडित सचिन शर्मा का कहना है अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण कार्य के पूरा होना एक सपने के साकार होना जैसा है। उनका कहना है कि नगीना निवासी श्री चंपत राय बंसल ने अपना पूरा जीवन राम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया, जो हम सभी नगीना व देशवासियों के लिए गर्व की बात है।



# चाइनीज मांझे ने बाइक सवार युवक को किया गम्भीर घायल

## उपचार के दौरान लगे दस टांके

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** पतंगबाजी के शौक ने बुधवार को एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हुआ यूं कि भीमगुड्डा निवासी 35 वर्षीय करन शर्मा सुबह बाइक से कही जा रहा था, जैसे ही वह मोतीचूर फलाई ऑवर पर पहुंचा अचानक उसकी गर्दन में चाईनीज मांझा उलझ गया। करन जब तक कुछ समझ पाता तब तक मांझे से उसकी गर्दन में गहरे घाव हो चुके थे। उसने तत्काल अपनी बाइक रोकी और आसपास के लोगों से मदद मांगी। जिस पर लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे दस टांक लगाए। अब उसकी हालत स्थिर बताई जाती है। एसएसपी धर्मेन्द्र सिंह ढोभाल का कहना है कि दुकानों पर चाइनीज मांझे की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। उनके इस कथन के बाद से ही पुलिस टीम ने पतंग और मांझा बेचने वालों की दुकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

### पुलिस ने पतंग-मांझे की दुकानों पर की छापामारी

चीनी मांझे से हुए हादसे के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। बुधवार की शाम ज्वालापुर पुलिस ने अभियान चलाकर बाजारों में पतंग मांझे की दुकानों पर छापेमारी की तथा दुकानदारों को नोटिस जारी किया और चेतावनी दी कि अगर चीनी मांझा बेचते हुए पाये गये तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ज्वालापुर के चौक बाजार, पीठ बाजार, लोधा मंडी, तेलियानआदि इलाकों में बनी पतंग मांझा की दुकानों पर छापेमारी की।

दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रतिबंधित मांझा ना तो दुकान में रखा जाए और ना ही बेचा जाए। पुलिस ने सभी विक्रेताओं को नोटिस जारी करते हुए कड़ी चेतावनी दी कि प्रतिबंधित मांझा बेचते पाये जाने पर उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



स्वास्थ्य शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

## 58 बच्चों का किया गया परीक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जय दुर्गा सामाजिक कल्याण संस्था के सौजन्य व महंत इंद्रेश अस्पताल के सहयोग से नगर निगम के वार्ड संख्या 39, पूर्वी झंडीचौड़ में मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 58 मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

शिविर का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि पिछले कुछ समय से कोटद्वार क्षेत्र में मानसिक रूप से अक्षम बच्चों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही थी। इस विषय पर उन्होंने देहरादून में महंत देवेंद्र दास से ऐसे बच्चों की समस्या के मूल कारणों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया था, जिस पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में महंत इंद्रेश अस्पताल के छह विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 58 बच्चों का मानसिक, शारीरिक एवं विकासात्मक परीक्षण किया। साथ ही उनके पारिवारिक परिवेश एवं सामाजिक परिस्थितियों का भी मूल्यांकन किया। बच्चों की विस्तृत स्क्रीनिंग कर संबंधित डेटा संकलित किया गया, जिसके आधार पर चिकित्सकीय, पोषण एवं पर्यावरणीय कारणों का विश्लेषण कर आगे के उपचार व समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में बलराज दत्त, सत्य प्रकाश थपलियाल, डॉ. नंद किशोर, जितेन्द्र नेगी, धीरेन्द्र मोहन रतूड़ी, डॉ. गिरीश उनियाल, हरिशंकर गौड़, प्रमोद केष्टवाल, कमल नेगी, रजत भट्ट, रजनीश बेबनी, प्रकाश बलोधी और कैलाश खुल्बे आदि ने भी सहयोग दिया।

# जोसेफ कान्वेंट स्कूल में हुई अन्तर्विद्यालीय फादर कैसियस बास्केट बॉल प्रतियोगिता

## नगीना ने जीती चैम्पियनशिप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में फादर कैसियस अंतर विद्यालयी बास्केटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चंबा को हराकर नगीना ने चैंपियनशिप अपने नाम की। नगीना के सिवेन को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, चंबा के आरव को बेस्ट शूटर, नगीना के चर्चित को बेस्ट फीडर व कोटद्वार के हर्षित ध्यानी को फेयर प्लेयर का खिताब दिया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि एएसपी चंद्रमोहन सिंह व बिजनौर डायसिस के अध्यक्ष बिशप विंसेंट नेल्लिया परबिल ने दीप प्रज्वलित कर व फादर कैसियस को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्रों में संगठित होकर कार्य करने की भावना को बढ़ाना ही खेलों का उद्देश्य होता है। तत्पश्चात आयोजित 8 लीग मैच व क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद नगीना और चंबा की टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल में नगीना ने चंबा की टीम को 20 अंकों से हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। बिजनौर डायसिस शिक्षा समिति के निदेशक फादर जॉम्मी जोस ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर उत्तराखंड बास्केटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु चमोली, विद्यालय के प्रबंधक फादर जार्ज थेक्कुम चेरिल और प्रधानाचार्य डॉ. लिंसी वर्गीस टी सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अगर देश का संविधान कमजोर होगा तो देश भी कमजोर होगा : विकास आर्य

## संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से संविधान अंगीकार दिवस पर सिमलचौड़ स्थित संगठन कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम देश के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि बाबा साहब ने भारत के सर्वश्रेष्ठ संविधान का निर्माण कर आजाद भारत को लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने भारत के संविधान में न्याय, समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे मूल्यों के साथ समतामूलक भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी आवश्यकता देश के संविधान को सुरक्षित रखने की है, अगर देश का संविधान कमजोर होगा तो निश्चित ही देश भी कमजोर होगा। विचार गोष्ठी में सेवानिवृत्त जिला उद्यान अधिकारी जयदेव सिंह मानव, शिवकुमार, एडवोकेट जोनी कुमार, सोमपाल सिंह, गिरीश चंद, तेजपाल सिंह, उमेश बेरवाल, अनिल कुमार, कैलाश कुमार, विक्की, हरेंद्र कुमार और सचिन कुमार सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस.नेगी ने कहा कि हमारे देश का संविधान दुनिया का सबसे श्रेष्ठ संविधान है। हमारे जीवन के हर पहलू पर संविधान में विस्तार से लिखा गया है। आज डा. भीमराव अंबेडकर, डा. राजेंद्र प्रसाद, गोविन्द बल्लभ पंत, सच्चिदानंद सिन्हा, जे.बी. कृपलानी जैसे महान लोगों के आदर्शों पर चलकर आगे बढ़ने की जरुरत है। डॉ. संतकुमार ने भारतरत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कैसे संविधान के निर्माण में सहयोग लिया इस पर विस्तार से जानकारी दी, वहीं डॉ. जुनीश कुमार ने संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. सुषमा थलेड़ी, प्रो. वसंतिका कश्यप, प्रो. आर.एस. चौहान, प्रो. वी.सी. शाह, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. एस.सी. बहुगुणा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. रौशनी असवाल और डॉ. सुमन सिंह राणा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अयोध्या में धर्म ध्वज फहराना भारत की सनातन आस्था व गौरव का प्रतीक : डॉ. प्रेमचंद



## भाजपा मंडल ने कराया सुन्दर काण्ड का पाठ

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धर्म ध्वजा लहराये जाने के उपलक्ष्य में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने रघुनाथ मंदिर, ऋषिकेश में भाजपा ऋषिकेश मंडल द्वारा आयोजित कीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। डॉ. अग्रवाल ने प्रभु श्रीराम के चरणों में प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में धर्म ध्वजा का शुभारंभ भारत की सनातन आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और गौरव का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का क्षण है। डॉ. अग्रवाल ने भाजपा ऋषिकेश मंडल द्वारा इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अनुष्ठान समाज में सद्भाव, प्रेरणा और आध्यात्मिक जागृति का वातावरण निर्मित करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया और श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजू शर्मा, मण्डल महामंत्री दीपक बिष्ट, पार्षद रीना शर्मा, पूर्व पार्षद राजू नरसिम्हा, पूर्व पार्षद संजीव पाल, बृजमोहन, सुमित तिवाड़ी, एकांत गोयल, जितेंदर पाल पाठी, अनिरुद्ध शर्मा, जिला महामंत्री युवा मोर्चा शिवम् टुटेजा, बृजमोहन मनोडी, हर्ष पाल, रूचि जैन, सुधा अशवाल, दुर्गा जिंदल आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# SIR के ज़रिये नहीं होने देंगे वोट चोरी- चंद्रशेखर



मुजफ्फरनगर (चिंगारी)। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में बुधवार को आजाद समाज पार्टी (आसपा) की ओर से रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के जरिए किसी भी हाल में वोट की चोरी नहीं होने दी जाएगी और उन्होंने कहा कि यह यूपी है, बिहार नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारें केवल भरोसे पर खेल रही हैं और युवाओं के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि 1 जनवरी से रोजगार और ईवीएम बंद कराने के लिए दो बड़े आंदोलन राज्य भर में शुरू किए जाएंगे। किसानों की समस्याओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि डीएपी की कमी से किसान परेशान हैं। मौका मिलने पर गन्ना मूल्य को 500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि सत्ता में आने पर ठेकेदारी व्यवस्था खत्म कर युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने की योजना भी उनके एजेंडे में शामिल है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार बहुजन समाज की आवाज को दबाना चाहती है। वहीं सांसद चंद्रशेखर आजाद को चैलेंज करने वाली डॉक्टर रोहिणी घावरी रैली में नहीं पहुंचीं। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर की धरती आज गवाह बनी। जब लाखों संविधानवादियों ने एक स्वर में संविधान की शपथ ली। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित 'संविधान बचाओ, भाईचारा बनाओ महारैली' को ऐतिहासिक बनाने वाले हर साथी, हर पदाधिकारी, हर छात्र, हर माता-बहन, हर वरिष्ठ नागरिक और हर कार्यकर्ता का हृदय से आभार। आपकी उपस्थिति सिर्फ भीड़ नहीं थी, यह चेतना थी, यह संकल्प था, यह एक नये आंदोलन का जन्म था। आज आपने साबित कर दिया कि जब जनता संविधान के लिए निकलती है, तो इतिहास बदलता है। आपकी ऊर्जा, अनुशासन और एकता ने इस रैली को सिर्फ सफल ही नहीं बनाया, बल्कि यह संदेश पूरे देश तक पहुंचा दिया। हम अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे, लेकिन लड़ेंगे संविधान की रोशनी में, भाईचारे की भावना से। आपकी इस ऐतिहासिक एकजुटता को शत-शत नमन। यह आंदोलन अभी शुरू हुआ है और अब इसे कोई रोक नहीं सकता।

## पूर्व विधायक शाहनवाज राना ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

रैली में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचे, जिससे आयोजन स्थल पूरा खचाखच भर गया। मंच पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने राजनीतिक मुद्दों और संगठन विस्तार पर बात रखी। रैली के दौरान पूर्व विधायक शाहनवाज राणा ने आधिकारिक रूप से 'आसपा' पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके शामिल होने पर समर्थकों ने तालियों और नारों से स्वागत किया। पार्टी पदाधिकारियों ने उनके अनुभव को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताया।


गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक

Curing with Science & Touch of Art

डॉ. प्रगति सिंह

(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.

होम्योपैथिक चिकित्सक

Treatment Available :-

- बाल रोग
- स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
- त्वचा रोग
- बालों की समस्या
- थाईराइड
- हाई बी.पी.
- मधुमेह
- गुर्दे की पथरी
- जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
- साइटिका
- साइनसाइटिस (साइनस)
- दमा
- टाइफाइड, पीलिया
- कब्ज, गैस बनना, बवासीर
- अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज

परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रात: 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक

SUNDAY CLOSED

97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)

+91-9528166349



बिजनौर में खुल गया है

ATHER

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 8192801901


### आवश्यकता

दैनिक बिजनौर टाइम्स व चिंगारी संस्थान को एक कार्यालय सहायक की आवश्यकता है।

योग्यता-स्नातक। वेतन योग्यतानुसार

कार्यालय-नई बस्ती बी-14 निकट जैन धर्मशाला, बिजनौर

केवल बिजनौर निवासी व विवाहित ही

प्रात:-10.30 से सायं 5.00 बजे तक सम्पर्क करें।